**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**

**NCBC/08/01/167-B/2019-KSP**

**हुडको के साथ दिनांक 10.08.2020 की सुनवाई का कार्यवृत्त**

बैठक में उपस्थित सदस्य व अधिकारीगण:-

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री एम. नागराज, सीएमडी, हुडको
3. श्री बी.के. पति, उपसचिव, रा.पि.व.आ.
4. श्रीमति वंदना मोत्सारा, जनरल मैनेजर, हुडको
5. श्री प्रभजोत मक्कड़, जॉइंट जनरल मैनेजर, हुडको
6. श्री रामलाल, कंसलटेंट, हुडको

**सीएमडी, हुडको** - नमस्कार सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - नमस्कार, कार्यवाही शुरू की जाये।

**सीएमडी, हुडको** - जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - ये हुडको कब से कार्य कर रही है?

**सीएमडी, हुडको** - सर हुडको 50 साल पुरानी कंपनी है, 1970 में कंपनी स्थापित हुई थी।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - तो जब ये 1970 से स्थापित है तो ओबीसी रिजर्वेशन की हालत क्यों खराब है ग्रुप A, B, C, D चारों में?

**सीएमडी, हुडको** - सर, आज के दिन में सिर्फ 14 पोस्ट टोटल वैकेंसी है उसमें नया बैकलॉग है वो बी ग्रुप ए है। हमने लास्ट रिक्रूटमेंट 2016-17 में की है। तो रिक्रूटमेंट के बाद कई लोगों ने रिजाइन कर दिया, कई लोगों ने ज्वाइन नहीं किया। हम लोगों का अभी 2020-21 में रिक्रूटमेंट हो रहा है मैनेजमेंट ट्रेनिंग का, उसी टाईम पर पूरा करेंगे। अभी हमने 2020 में सोचा था लेकिन COVID की वजह से नहीं हो रहा है। 2020 में we are going to management training, that is the beginning of the officer level, उसमें पहले

से ही प्लानिंग है। ~~64~~ 44 को already consolidate किया है तो COVID आने के कारण उसको हमने डिले किया है, Probably 2020-21beginning appear we will go sir.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - Question is in Group-A 11.22% , Group-B 16.92%, Group-C 14.29%, Group-D 7.14%.

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - सर हम लोग इसको पूरा consolidated करते है, ग्रुप बी तो promotional post है, ग्रुप सी और डी हम लोगों ने अभी addition किया है। ग्रुप सी और डी में कोई रिक्रूटमेंट नहीं है, इसमें सारी पोस्ट हम लोग ऑफिसर की पोस्ट में करेंगे ग्रुप ए में 14 की 14।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - अभी तक यह इतना खराब क्यों है जब 1970 की कंपनी है और रिजर्वेशन आप लोगों ने कब implement किया?

**<u>कंसलटेंट, हुडको</u>** - 1993 से हमने इसको ऐप्लीकेवल किया है ऑनवर्ड हमने 682 पोस्ट भरी है टोटल in the company and out of them 141 was from OBC category तो टोटल % come to 19.90% as a whole of company from the date receipt of a sanction on reservation for OBC.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - रिपोर्ट आपने हमको जो दिया है यो जो पेज न. 3 पर।

**<u>कंसलटेंट, हुडको</u>** - Prior to 08.09.1993 when reservation was not applicable for OBC.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - आपने तो हमको 2019 तक का दिया है ग्रुप ए में आप दिखा रहे है 11.22%, ग्रुप बी में आप दिखा रहे है 16.92%।

**<u>कंसलटेंट, हुडको</u>** - आप देखे सर, we are shown 597, these are mix, some are recruitment, some are recruited prior to the reservation for OBC when there was no reservation that is why this is shortfall. Overall देखा जाए तो हमने 608 पोस्ट भरी है

उसमें 20% reservation आ रहा है and there are 14 post for OBC, when these are filled up we will be effected to 21%.

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - हमको ये बताइये कि as on date Group A में ओबीसी के कितने employee है? अगर आप as on date की बात कर रहे है तो आपने हमको 2019 की रिपोर्ट क्यों भेजी है, as on date आयोग को उपलब्ध कराइये।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - जो Questionnaire था उसमें 16-12-2019 का स्टेटस था as on date Group A में 597 लोग है और उसमें से 68 ओबीसी है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - ये 615 में रिटायर हो गए बाकी लोग।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - हां जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - ठीक है ये 597 में 68 कितने % होगा?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - 11.40% बनता है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - ग्रुप बी में कितना है as on date?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - ग्रुप बी में 48 लोग है जिसमें से 12 लोग ओबीसी के है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - 12 ओबीसी है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - हां सर 25% बनता है और ग्रुप बी हमारी promotional post है हम इसमें भर्ती नहीं करते।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - ग्रुप सी में कितने है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - ग्रुप सी में 35 लोग है सर।

66

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - ओबीसी कितने है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - ओबीसी 4 है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - कितना % होगा?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - 11.43%।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - और ग्रुप डी में?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - ग्रुप डी में सर 90 लोग है और 7 ओबीसी के है 7.78% हुआ। सर ग्रुप सी और डी में आज से 15 साल पहले एक मैनपावर स्टडी हुआ था तो फिर सरकार ने कहा था कि ग्रुप सी डी में हम भर्ती नहीं करेंगे तो ग्रुप सी और डी में भर्ती नहीं हो रही है 2006 से और ग्रुप बी promotional post है सर। ग्रुप ए में भर्ती होती है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** - आप लोगों से रोस्टर मांगा गया था रोस्टर आप लोगों ने आयोग को क्यों नहीं उपलब्ध कराया?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर उसमें मॉडल रोस्टर बोला हुआ था वो enclose किया है, रोस्टर हम मेंटेन करते है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग -** आप चेक कीजिये। रोस्टर मांगा गया था मॉडल रोस्टर नहीं।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर, मॉडल रोस्टर जो हम फॉलो करते हैं वो बताया हुआ है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग -** हुडको का रोस्टर मांगा गया था।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर हम वो भी भेज देंगे सर हमारे पास अभी भी है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग -** हम मॉडल रोस्टर लेकर क्या करेंगे।

**<u>जॉइंट जीएम, हुडको</u>** - भेज देंगे सर। उसमें जैसे बताया हमारे सीएमडी सर ने, 14 पोस्ट हमको भरनी है जिसमें से 9 बैकलॉग है। We are committed to filling those 14 posts.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - ये रोस्टर As on Date आयोग को उपलब्ध कराया जाये 08.09.1993, 02.07.1997, 03.12.1997 इन तीनों का कटऑफ डेट का रोस्टर चाहिये और 2019-20 का रोस्टर।

**<u>जॉइंट जीएम, हुडको</u>** - ठीक है सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - आपने जो ओबीसी का आकड़ा दिया है इसमें से कितने लोग अपनी मेरिट पर सैलेक्ट होकर आये है ये जो 11.40% आप as on date बता रहे है इसमें से अपनी मेरिट पर सिलेक्ट होकर कितने लोग आये है?

**<u>जॉइंट जीएम, हुडको</u>** - जो हमने लास्ट रिक्रूटमेंट किया थे उसमें 3 थे सर Out of 65.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग-</u>** ये तीन जो है 65 में ही है न?

**<u>जॉइंट जीएम, हुडको</u>** - हां जी सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - ये जो आपने as on date 597 में से 68 ओबीसी बताये है तो ये 3 जो अपनी मेरिट पर आये है वो 68 में है या बाहर?

**<u>जॉइंट जीएम, हुडको</u>** - 68 के अंदर ही है।

**<u>कंसलटेंट, हुडको</u>** - They have belong to OBC but they were shown against UR point in the roster not against OBC point.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>** - वो 68 में नहीं है।

**<u>जॉइंट जीएम, हुडको</u>** - 68 में है, रोस्टर में UR में दिखाया गया है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** ये 12 में कितने ऑन मेरिट वाले है?

**कंसलटेंट, हुडको** - 12 में कोई मेरिट में नहीं है. बाकी और कोई नही है सिर्फ तीन कैंडिडेट है UR पाइंट पर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** आपके यहां ईडी, डीजीएम, एजीएम इन पदों पर ओबीसी का कोई है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर हमारे ईडी लेवल पर 1 अभी रिटायर हुए है वो लाईसन ऑफिसर भी थे उसके अलावा एक और ईडी है वो भोपाल पोस्टेड है और JGM (Joint General Manager) पर भी है ओबीसी।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** ईडी में कितने ओबीसी है आपके यहां?

**सीएमडी, हुडको** - ईडी में आज की डेट में एक है एक 31 जुलाई में रिटायर हुए है दूसरे अभी भोपाल में पोस्टेड है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** और ईडी के नीचे जीएम या डीजीएम में?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - जीएम के नीचे जाइंट जनरल मैनेजर है उसमें एक ओबीसी है हमारे ओबीसी। इसको E-6 लेवल कहते है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** और डीजीएम पर?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - डीजीएम में हमारे पास उपलब्ध नहीं होगा। डेटा निकाल कर हम बता देंगे आपकों। अभी बता देते है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** Pre-recruitment and pre-promotional training आप लोग नहीं देते?

<u>**जॉइंट जीएम, हुडको**</u> - नहीं सर।

<u>**कंसलटेंट, हुडको**</u> - In Rule, there are no provision.

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –**</u> तो शपथ पत्र पर Pre-recruitment and pre-promotional training ना देने का कारण स्पष्ट करते हुए आयोग को उपलब्ध कराया जाये।

<u>**सीएमडी, हुडको**</u> - जी सर।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –**</u> ग्रुप सी और डी की जो आप चर्चा कर रहे थे। तो ये आप लोग outsource पर रखते है या कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर रखते है?

<u>**जॉइंट जीएम, हुडको**</u> - सर, सर्विसेस outsource की हुई है जैसे जो नोर्मल है चाय के लिये, फोटोकापीयर के लिये। बाकी जो existing strength है उसी से मैनेज करते है कांट्रेक्ट पर ऐसा कुछ नही है। सर एक चीज बोलना चाहेंगे, pre-promotional ट्रेनिंग की बात करे तो हमारे यहां पर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट है वह सारे employees के लिये है सर और promotion में generally कोई ऐसा eligible OBC candidate lack नहीं करता सर they are all promoted.

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –**</u> Lack की आप बात कर रहे है आप ग्रुप ए में 12% लोगों को promotion दे रहे है और अभी 2018-19 में सिर्फ 5% ओबीसी को प्रमोशन दे रहे है। अगर आपके यहां माने कि 100 लोग है तो 100 में से 5 लोगों को प्रमोशन दे रहे है बाकी को छांट के किनारे कर दे रहे है।

<u>**जीएम, हुडको**</u> - नहीं सर ऐसा नहीं है।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –**</u> तो फिर ये 5% कैसे है?

<u>**जीएम, हुडको**</u> - सर जितने लोग है उन सभी को प्रमोशन मिल रही है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** ये 5% डाटा आपने दिया है मैं आपके दिये गये डाटा पर बात कर रहा हूँ, मैं कहीं ओर से डाटा नहीं लाया हूँ।

**<u>कंसलटेंट, हुडको</u>** - There is no reservation in promotion.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** I Know, there is no reservation in promotion लेकिन मैं जानना चाहता हूँ कि ओबीसी के लोगों को आप लोग प्रमोशन दे रहे है या नहीं दे रहे है। इसका मतलब की आप लोग नहीं दे रहे है। 5% लोगों को ही प्रमोंशन दे रहे है।

**<u>जीएम, हुडको</u>** - सर जो लोग भी due है और eligible criteria meet कर रहे है उन सब को promotion दे रहे है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** Eligibility criteria हम भी जानते है। जो internal meeting होती है, internal DPC होती है उसमें मालिक की इच्छा पर होता है।

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - मैं सर इसको एक बार खुद चेक करके दोबरा position देखेंगे इसमें मुझे भी doubt लग रहा है। सर हमने अभी 225 प्रमोशन दिये है उसको ध्यान में रख कर हम लेटेस्ट पोजिशन भेजेंगे आपको।

**<u>जीएम, हुडको</u>** - एक्चुली सर reference इस questionnaire का था तो हम इसी के हिसाब से बता रहे है आपको अभी लेटस्ट एक बार फिर भेजेंगे।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** अगर लेटस्ट था तो लेटस्ट भेजना चाहिये था। कोई बात नहीं लेटस्ट भेज दीजिये।

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - जी सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** आप के यहां reservation implementation cell है इसका क्या काम होता है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर रोस्टर को बेसिकली देखने के लिये किया होता है और welfare के लिये होता है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** ओबीसी welfare के लिये कौन सा काम कराते है आप लोग। ये implementation cell क्या welfare करता है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - We take care all the employees.

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** आपने लिखा है proper implementation reservation policy, an implementation cell has been set up in our company और अभी आपमें से कोई बोल रहा था कि welfare का काम देखते है तो मैं जानना चाहता हूँ कि क्या welfare का कार्य किया है ओबीसी employees के लिये।

**जीएम, हुडको** - एक लाईसन ऑफिसर है, हमारे यहां हर कमेटी में उनका representation होता है, we ensure कि ओबीसी है हर कमेटी में promotion committee में खासकर मेंबर होते ही है सर। इस टाइप के initiatives है हमारे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** promotion committee में आप के यहां मेंबर होते है?

**जीएम, हुडको** - जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** ओबीसी का मेंबर होता है प्रमोशन कमेटी में?

**जीएम, हुडको** - होता है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** आपने आयोग को क्या जवाब दिया है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर प्रश्न संख्या 17 में हमने दिखाया है कि ओबीसी के मेंबर होते है

**जीएम, हुडको** - सर प्रश्न संख्या 22 में हम कह रहे है कि प्रमोशन में कोई रिजर्वेशन नहीं है ओबीसी का।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** श्री प्रेम नवाज।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - जी। सर वो डीजीएम के लेवल पर भी डोटा आ गया है डीजीएम लेवल पर 11 ओबीसी है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** अच्छा तब तो आप लोगों को बहुत-बहुत बधाई। टोटल डीजीएम की कितनी पोस्ट है?

**जॉइंट जीएम, हुडको** - बता रहे है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग -** ये प्रश्न न. 16जी के जवाब में आप लोगों ने यह लिखा है कि in HUDCO there is no employee welfare association for OBC exists. However, the meetings are held with the concerned OBC employees in order to redress their grievances and when required but no such records is maintained तो ये रिकार्ड मेंटेन ना करने के पीछे क्या मंशा है?

**कंसलटेंट, हुडको** - Sir, in future we will do this.

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** रिकार्ड क्यों मेंटेन नही करते है?

**कंसलटेंट, हुडको** - सर, अभी रिकार्ड किया नही है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** इसका मतलब आप लोगों ने कुछ किया नहीं है आप आयोग को मिसलीड कर रहे है। अगर आप किये होते तो जरूर रिकार्ड होता। इतनी बडी कंपनी है, इतनी जिम्मेदार कंपनी है यहां पर इस तरह की बात नहीं होनी चाहिये। कुछ भी होता है तो आपके यहां तो on paper ही होता होगा मैं ऐसा मान कर चलता हूं।

**सीएमडी, हुडको** - हां जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** एक Questionnaire भेजा गया था 29 जुलाई को जिसमें 5 प्रश्न थे।

**सीएमडी, हुडको** - हां जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** तो उसका जवाब अभी तक आयोग को क्यों नहीं उपलब्ध कराया?

**सीएमडी, हुडको** - हमने अपने मंत्रालय को भेज दिया था सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** जवाब आप देंगे या मंत्रालय देगा। एक तो मंत्रालय से आया होगा। और एक आयोग से गया था।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - सर हमारे पास मंत्रालय से आया है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** 29 जुलाई को आयोग से गया है।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - हमारे पास information available है सर। हमने बनाई हुई है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** वो information आयोग को उपलब्ध कराई जाये।

**जॉइंट जीएम, हुडको** - ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** मेल करा दीजिये मीटिंग के बाद।

**सीएमडी, हुडको** - जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** हुडको SC, ST, OBC के लिये कौन- कौन सी स्कीम चलाती है?

**सीएमडी, हुडको** - सर हुडको में We have schemes, especially rate of interest में हम लोगों का एक HUDCO niwas portfolio है सर उसमें हस लोग कंसेशन भी देते है, तो

0.5% rate of interest है सर। खासकर हम लोगों का CSR में एक पाकेट चुना जाता है जो SC, ST, OBC का पर्मानेंट है उस केस में भी हम लोगों स्पेशल स्कीम चलाते है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** आप लोग Housing Finance में कोई SC, ST, OBC के लिये कोई particular scheme चलाते है?

**सीएमडी, हुडको** - हां जी सर। Economic Weaker Section के लिये है सर खासकर housing में, हम लोग का स्पेशल फंड जो लोगों के लिये जा रहा है उसमें मेजर Economy Weaker Section में उनके स्कीम में चल रहा है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** SC/ST/OBC के लिये कुछ नहीं है?

**सीएमडी, हुडको** - Especially ऐसा नहीं है लेकिन Economici Weaker Section की कैटेगरी है उसमें जाता है सर। बेसिकलि SC/ST का होता है ज्यादा से ज्यादा, rate of interest भी उनके लिए करीब 2% कम होता है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** ओबीसी के लिये कितना rate of interest है?

**सीएमडी, हुडको** - ओबीसी के लिये Especially नहीं। हम लोग Economic Weaker Section की कैटेगरी के लिये किया है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** Economic Weaker Section को कितने % पर लोन देते है आप लोग?

**सीएमडी, हुडको** - सर, आज के दिन में 7.85% इसी रेट में चल रहा है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –** इसमें number of beneficiaries बता सकते है आप?

**सीएमडी, हुडको** - सर दे सकते है as on date, Economic Weaker Section का दे देंगे सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** SC/ST का भी नहीं दे पायेंगे?

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - सर SC/ST का कैटेगरी भी नही है उसी कैटेगरी में EWS करके किया है सर, Economic Weaker Section, Lower income group then middle income group, Higher income group ऐसे कैटेगरी बना रखा है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** यहीं कैटेगरी का रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराया जाये।

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - हां जी सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** Minority के लिये अलग से कुछ है?

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - नहीं सर उसमें नहीं है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** OBC, SC, ST के लिये अलग से कुछ नहीं चलवाते आप लोग?

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - नहीं सर अलग से नहीं।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** आप वार्षिक रिपोर्ट में ओबीसी का chapter क्यों शामिल नहीं करते है?

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - नहीं किया है सर अभी।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** ये तो होना चाहिये।

**<u>जीएम, हुडको</u>** - नोट कर लेते है सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** ठीक है, कैटेगरी वाइज number of beneficiaries है वो आयोग को उपलब्ध कराई जाये और जो प्रोफार्मा भेजा

56

गया था, मंत्रालय ने भिजवाया है वो Direct commission को भी उपलब्ध कराया जाये और आपको जो शपथ पत्र बोला गया है उसको भी आयोग को उपलब्ध कराये।

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - जी सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** As on date आयोग को सब उपलब्ध कराया जाये।

**<u>सीएमडी, हुडको</u>** - बहुत- बहुत धन्यवाद सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग –</u>** धन्यवाद।

**सुनवाई सम्पन्न।**

एम. नागराज

**(श्री एम. नागराज)**
**सीएमडी, हुडको**

कौशलेन्द्र पटेल

**(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)**
**माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**